आकाशवाणी केन्द्र शिमला

5.10.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00 बजे

<u>रोज़गार आँकड़े</u>

देश में पिछले 6 वर्षों में लगभग 17 करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं। श्रम और रोज़गार मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में वर्ष 2017–18 में 47 करोड़ 50 लाख रोजगार सृजन हुआ था जो वर्ष 2023–24 में बढ़कर 64 करोड़ 33 लाख हो गया। इसके अलावा, बेरोज़गारी दर वर्ष 2017–18 में 6 प्रतिशत से घटकर 2023–24 में तीन दशमलव दो प्रतिशत हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि यह रोज़गार सृजन में मज़बूती का संकेत है। इसी अवधि में युवा बेरोज़गारी दर भी 17 दशमलव आठ प्रतिशत से घटकर 10 दशमलव दो प्रतिशत हो गई है। इस बीच, महिलाओं के कार्यबल में भी वृद्धि हुई है और पिछले सात वर्षों में एक करोड़ 56 लाख से अधिक महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हैं। वर्ष 2023–24 में स्व–रोज़गार बढ़कर 58 दशमलव चार प्रतिशत हो गया है।

<u>ओवरसीज़ भर्ती</u>

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के निर्देश पर 9 अक्तूबर को राजकीय पॉलीटैक्निक हमीरपुर में एक विशेष ओवरसीज़ भर्ती अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाना है। ये भर्ती अभियान श्रम और रोज़गार, तकनीकी शिक्षा विभाग और केन्द्रीय विदेश मंत्रालय से पंजीकृत भर्ती एजेंसी के सहयोग से करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए वचनबद्ध हे और इस भर्ती अभियान के माध्यम से उन्हें तकनीकी व गैर–तकनीकी क्षेत्रों में विदेशों में रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

<u>जीएसटी सुधार– हिमाचल प्रदेश</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी जो 22 सितंबर से शुरू हुआ है। यह पूरे देश में लाभकारी साबित हो रहा है। आज इस कड़ी में पेश है हिमाचल प्रदेश के उद्योगों पर जीएसटी सुधारों के प्रभाव की।

<u>अनिरूद्ध सिंह</u>

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि अच्छी शिक्षा ही बेहतर भविष्य का आधार है और राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ कर रही है। शिमला के ढली में आज एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ–साथ खेलों व अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए और राज्य सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दे रही है।

कुल्लू दशहरा

अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में लाल चंद प्रार्थी कलाकेन्द्र में कुल्लवी नाटी की धूम रही। इसके अलावा स्थानीय व प्रदेश के अन्य ज़िलों से आए लोक कलाकारों ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रसिद्ध लोक गायक अरविंद प्रताप ने अपने गानों से खूब समा बांधा। कुल्लू दशहरा की चौथी सांस्कृतिक संध्या में आज प्रसिद्ध गायक कुमार साहिल और ममता भारद्वाज अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

मांडविया– संडे साइकिल

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज विश्व शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान में भागीदारी की। उन्होंने मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से इंडिया गेट और आसपास के क्षेत्रों में शिक्षकों, छात्रों और अन्य लोगों के साथ साइकिल रैली का नेतृत्व किया। मांडविया ने बताया कि आज देश भर में दस हजार पांच सौ से अधिक स्थानों पर फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अब लाखों लोग हर रविवार को खुद को फिट रखने के लिए साइकिल चलाते हैं।

विश्व पैरा एथलेटिक्स

नई दिल्ली में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में, भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छः स्वर्ण सहित 18 पदक जीते हैं। यह पैरालम्पिक खेलों में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले, भारत ने जापानमें पिछले वर्ष आयोजित पैरालम्पिक में 17 पदक जीते थे। आज इस प्रतियोगिता के आखिरी दिन, पैरालम्पिक में स्वर्ण जीत चुके नवदीप चुनौती पेश करेंगे।